## एक नजर में

### क्लस्टर कार्यक्रम हो रहा संचालित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा हॉर्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बागवानी उत्पादो के उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर कृषको की आय में वृद्धि करना है। इसके अंतर्गत मल्टी, कमोडिटी हाई-वैल्यू क्लस्टर एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किए जाने का प्रावधानिक किया गया।


योजनान्तर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, प्याज, आलू, फसले एवं पत्तागोभी, फू लगोभी, भिण्डी, बैगन, केप्सीकम, ककड़ी, कद्दूवर्गीय, फसलें, धनिया, नीबू, अदरक हरि मिर्च, लहसुन आदि तथा वैकल्पिक फसले जैसे स्क्वैश, कटहल, बीन, सूरजना, चुकंदर, आदि को चयनित किया गया है। उक्त योजना अंतर्गत क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने हेतु पात्र उत्पादक संगठनों एफपीओ, एफपीसी के साथ उनके संघ, सहकारी समितियां, पार्टनरशिप फर्म, संगठन आदि संस्थाएं पात्र होगी।

# नाबालिग की आशा कार्यकर्ता पद पर फर्जी नियुक्ति

**मामले की स्वास्थ्य विभाग में हुई लिखित रूप से शिकायत**

**आरटीआई में उजागर हुए नियुक्ति के कागज**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति में हुए फर्जीवाड़े का मामला उजागर हुआ है। यहां तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी ने नाबालिग महिला को आशा कार्यकर्ता बना डाला। अब मामले की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग जांच की बात कर रहा है।**

दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमों के अनुसार आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति 18 वर्ष से कम उम्र में नहीं की जा सकती, लेकिन टीकमगढ़ में वर्ष 2017 में तत्कालीन जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने एक नाबालिग की नियुक्ति करके उसे नौकरी पर लगा दिया। अब मामले की शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला जांच की बात कर रहा है।

वर्ष 2017 में जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें 13 आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की गई थी। इसी में एक नाबालिग को आशा कार्यकर्ता बना दिया गया था। श्रीमती वर्षा राय के आदेश में 12 नंबर पर अंकित गोपालपुरा निवासी श्रीमती साधना कुम्हार को आशा कार्यकर्ता बनाया गया है, जबकि वर्ष 2017 में उनकी उम्र 18 वर्ष नहीं हुई थी। उस समय उसकी उम्र सिर्फ 16 वर्ष की ही थी।

आरटीआई में सामने आई जानकारी में यह स्पष्ट हुआ है कि श्रीमती साधना का जन्म 11 मार्च 2001 में हुआ था। जब उनकी उम्र कम थी, तो तत्कालीन जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने इनके दस्तावेजों को जांचे बिना ही फर्जी तरीके से नियुक्ति कर डाली।

इस मामले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई गई है कि 31 मार्च 2017 को आदेश क्रमांक आशा/2017/4020-21 के अंतर्गत समय के मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वर्षा राय द्वारा श्रीमती साधना कुम्हार पत्नी हरि कुम्हार को आशा कार्यकर्ता बनाया गया है। शिकायत में आगे कहा है गया है कि यह नियुक्ति महिला की नाबालिग अवस्था में की गई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ लाभार्थी श्रीमती साधना की पांचवी एवं आठवी की अंकसूची भी संलिप्त की है, जिसमें उनकी जन्मतिथि का हवाला दिया गया है। इन दोनों अंकसूचियों में श्रीमती साधना की जन्मति 11 मार्च 2001 अंकित है।

इस आधार पर जब श्रीमती साधना को आशा कार्यकर्ता बनाया गया था, तब उनकी उम्र 16 साल 2 माह थी। जबकि नियम के अनुसार आशा कार्यकर्ता पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है।

शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस नियुक्ति में लाखों रुपए का लेनदेन हुआ है। शिकायतकर्ता ने इस मामले की तथ्यों के आधार पर जांच की मांग करते हुए कहा है कि इस फर्जीवाड़े में नियुक्ति पाने वाली आशा कार्यकर्ता श्रीमती साधना कुमारी को तत्काल पद से हटाया जाए। साथ ही दोषी जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाए।

इस पूरे प्रकरण में जब तत्कालीन जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, उन्हें कई बार फोन कर यह प्रयास किया गया कि उनका पक्ष लिखा जाए, किन्तु उन्होंने संपर्क करना उचित नहीं समझा।

वहीं मामले में वर्तमान जिला स्वास्थ्य अधिकारी के प्रभार पर मौजूद डॉक्टर पीके माहौर ने भी मामले में फोन नहीं उठाना ही उचित समझा। इससे यह संकेत लगाए जा सकते हैं कि कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है।

**पूरे मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग**

इस पूरे मामले की जांच कराकर शिकायतकर्ता ने कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को इस मामले को संज्ञान में लेना चाहिए, जिससे ऐसे फर्जीवाड़े में लिप्त लोगों को सजा मिल सके। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने कहा है कि फर्जी आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति निरस्त होने के साथ दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही कराई जाए, जिससे आगे से कोई ऐसा फर्जीवाड़ा कर लोगों का हक न खा सके। क्योंकि इस मामले में नियुक्ति कराकर किसी दूसरे के हक पर डांका डाला गया है।

## मारपीट में दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।**

दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि यह घटना आज सुबह बैदऊ गांव में हुई। तिलक सिंह घोष और श्रीपत घोष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी शुरू हुई जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। दोनों ने एक-दूसरे पर फरसे से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों परिवारों के अन्य सदस्य भी आपस में भिड़ गए। हमले में श्रीपत घोष के गले में गंभीर चोट आई ह जबकि तिलक सिंह घोष का हाथ कट गया। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बयान दर्ज करने के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों के लोगों को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया गया है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समयसीमा यानि टीएल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने करते हुए विभागवार चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारियों को बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सेवा पखवाड़ा अभियान, विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए जाने,आदि कर्मयोगी अभियान, आयुष्मान भारत योजना, सीएम हेल्पलाइन, सीएम समाधान,कोर्ट प्रकरण, विभिन्न विभागों के अंतर्गत की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही एवं विगत टीएल और एपीसी की बैठक सहित अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा सुश्री अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भावांतर योजना के संबंध में भ्रम से बचें

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि सोयाबीन में भावांतर योजना के संबंध में कई प्रकार के भ्रम एवं मिथक हैं, जबकि इसके संबंध में सच्चाई यह है कि भावांतर योजना में एमएफक्यू मानक अनुसार किसान की जितनी उपज है, सरकार उसको भावांतर योजना अन्तर्गत लाभ प्रदान करेगी। इसका मतलब यह है कि किसी भी किसान को उसकी एमएफक्यू की उपज का एमएफक्यू की राशि 5328 प्रति क्विंटल का लाभ प्रदाय किया जायेगा।**

किसान बंधु अपने सोयाबीन के रकबे और उत्पादकता के आधार पर मंडी में सोयाबीन का भावान्तर योजना में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसका मतलब यह है कि 40 प्रतिशत की ही विक्रय बाध्यता नहीं हैं। राज्य शासन द्वारा किसान के रकबे और उत्पादकता के आधार पर उपज को मंडी में भावांतर योजना में लाभ प्रदान करेगी। इससे अधिक मात्रा पर भी राज्य शासन द्वारा भावान्तर की राशि का लाभ कृषकों को उनके खाते में प्रदान किया जायेगा। दूसरा भ्रम यह है कि व्यापारी द्वारा कार्टेल बनाकर रेट कम कर दिया जाएगा, जबकि खुली नीलामी कैमरे की निगरानी में होगी, जिसमें जिला प्रशासन का प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा। यदि किन्हीं कारणों से सोयाबीन का बाजार मूल्य गिरता है तो सरकार मण्डी में एफएक्यू सोयाबीन की राशि का एमएसपी तक के भावान्तर की राशि का लाभप्रदान करेगी।

## केन्द्रीय मंत्री ने नि :शुल्क सहायता उपकरण किए वितरित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जेल रोड स्थित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सोमवार को निःशुल्क सहायता उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना और एपिड योजना के तहत दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए।**

कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने बताया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 600 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया था। एलिम्को की सहायता से इन सभी को ट्राईसाइकिलए कान की मशीनए हाथ और पैर के उपकरण जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगों से बातचीत की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्र सरकार का लक्ष्य अपनी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, विवेक चतुर्वेदी, मुन्ना लाल साहू, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, अरविंद खटीक,विभा श्रीवास्तव, सुशीला राजपूत, रिंकी भदौरा और पूनम अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पेंशन प्रकरणों की अतिमि तिथि कल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के लंबित पेंशन प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण हेतु जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय में 29 सितम्बर से 30 सितम्बर तक पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

समस्त कार्यालयों को 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त, मृत, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को इस कार्यालय में ऑनलाईन एवं सेवापुस्तिका सहित प्रस्तुत कर, पेंशन शिविर में लंबित समस्त अधिकारी, कर्मचारी के पेंशन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण कराने एवं शेष प्रकरण जो निराकरण योग्य नहीं है, कारण सहित जानकारी तत्काल जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु कहा गया है। जिले के लंबित पेंशन प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण हेतु जिला पेंशन अधिकारी कार्यालय 30 सितम्बर तक पेंशन शिविर लगेगा।

## पलेरा पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**नवभारत न्यूज पलेरा। नवरात्र पर्व पर पलेरा की बड़ी माता मंदिर पर जहां पर कई वर्षों से नवरात्रि के पर पर मेला लगाया जाता है जहां पर कई झांकियां लगाई गई हैं जो पलेरा नगर में चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है जहां पर पुलिस व्यवस्था भी लगी हुई है । आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवदुर्गा प्रतिमाएं आकर्षक तरीके से दरबार सजाए गए सुबह शाम भक्तगण माता रानी की आरती में प्रसाद वितरण मां के दिव्य दर्शन कर धर्म लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं नगर के गली मोहल्ले में नवदुर्गा की प्रतिमाए स्थापित करके झांकियां सजाई गई है पूरे नौ दिनों तक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा धार्मिक आयोजन देवी भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।**

नगर के खरगापुर रोड स्थित वार्ड नंबर 11 में आकर्षक देवी प्रतिमा की झांकी सजाई गई यहां सुबह और संध्या बेला पर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आरती प्रसाद वितरण और धार्मिक आयोजन कराया जा रहे हैं नगर का सुप्रसिद्ध हिंगलाज बड़ी माता मंदिर एवं शीतला माता मंदिर में अल्प सुबह महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह एवं संध्या आरती में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

बड़ी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु मां से जो भी मन्नत मांगता है उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी के निर्देश पर पुलिस कर्मचारी बारी-बारी से पूजा पंडालों में पहुंच रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मचारियों ने समिति के लोगों से बातचीत कर शांतिपूर्ण तरीके त्यौहर मनाने की अपील की है।

## नवोदय विद्यालय के बच्चे पहुंचे चंदेरी, इतिहास से हुए रूबरू

**550 बच्चे पहुंचे ऐतिहासिक नगरी चंदेरी**

**भ्रमण में बच्चों को बताया गया यहां का इतिहास**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। जिले के पीएम नवोदय विद्यालय के करीब 550 छात्र-छात्राओं ने सोमवार को पर्यटन नगरी चंदेरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कर्नाटक से आई छात्राओं ने भी चंदेरी के इतिहास और संस्कृति को जाना। यह भ्रमण 2025-26 शैक्षणिक कार्यक्रम का हिस्सा था।**

विद्यार्थियों ने चंदेरी की प्रसिद्ध हैंडलूम साड़ियों को बनते देखा और उनकी निर्माण कला को समझा। उन्होंने चंदेरी किला, खूनी दरवाजा और जौहर स्थल जैसे ऐतिहासिक स्थानों का भी भ्रमण किया।छात्रों ने ऐतिहासिक स्मारकों और प्राचीन भागों का दौरा किया जहाँ उन्होंने चंदेरी की कला और स्थापत्य को करीब से देखा।

उन्होंने विशेष रूप से यह समझा कि चंदेरी की सुप्रसिद्ध साडियां किस तरीके से बनाई जाती हैं। नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्य भारत लाल यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत चंदेरी किले सहित अन्य ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने इस दौरान ऐतिहासिक धरोहरों और वहां की संस्कृति को जानने में गहरी रुचि दिखाई।पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी एचके साहू ने जानकारी दी कि इस भ्रमण के लिए 2 लाख 80 हजार रुपए का बजट था। करीब 550 छात्रों को 8 बसों के माध्यम से चंदेरी जैसे ऐतिहासिक स्थान का भ्रमण कराया गया।

इस कार्यक्रम में बीके झा, अजय कुमार चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, पिंकी सिंह, धनंजय पांडेय, जयमाला शर्मा, पूनम सिंह, अजीत सिंह, नेहा शर्मा, शिव सिंह यादव, संदीप सिंह, सुनील तिवारी, विनोद नायक और रामसखी सहित कई शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल रहे। इस दौरान कर्नाटक से आई छात्राओं ने भी चंदेरी के इतिहास और संस्कृति को जाना। यह भ्रमण 2025-26 शैक्षणिक कार्यक्रम का हिस्सा था।

**परेशानी** ▶ **ट्रॉफिक जाम से लोगों को हो रही परेशानी**

# शहर में घंटों लगा रहा जाम, ट्रॉफिक पुलिस करती रही मशक्कत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में नवरात्रि के दौरान शहर में जाम लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन ने नवरात्र शुरू होने से पहले मुख्य बाजार में यातायात प्लान लागू किया था। जिसमें बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन इस नियम का लोग पालन नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते शाम होते ही मुख्य बाजार में घंटों जाम लग जाता है। बीती देर रात शहर में जगह-जगह जाम के हालात नज़र आए। जिसके चलते देवी प्रतिमाएं देखने निकले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।**

शहर के सैल सागर चौराहे पर बीती देर रात जाम लग गया। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई। चौराहे के चारों रास्तों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लंबा जाम लग जाने के बाद ट्रैफि क पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। इसके बाद वाहन निकाले जा सके। स्थानीय निवासी रमेश जैन के अनुसार चौराहे पर एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी की नियमित तैनाती है। शाम के समय बाजार में भीड़ बढ़ने के कारण जाम की स्थिति बन गई। पुलिस कर्मी की अनुपस्थिति में लोग मनमाने ढंग से वाहन चलाने लगे। इससे जाम की स्थिति और बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने वाहनों को निकालने का प्रयास किया। शहर के मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कई बार प्लान बनाया गया है लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का सुझाव है कि मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों और टैक्सियों का प्रवेश रोका जाए। साथ ही सड़क किनारे लगने वाली दुकानों और हाथ ठेलों को भी हटाया जाए। रविवार को नजरबाग में गरबा महोत्सव का आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग दो पहिया और चार पहिया वाहन लेकर पहुंचे। जिसके कारण कोतवाली के पास लंबे समय तक जाम लग रहा। इसके अलावा स्टेट बैंक चौराहा, पपौरा चौराहा, लुकमान चौराहा, जवाहर चौक और कटरा बाजार के पास जाम लगने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन ने नवरात्र शुरू होने से पहले मुख्य बाजार में यातायात प्लान लागू किया था।

**आए दिन जाम की तस्वीरें आ रहीं सामने**

शहर में चाहे त्योहारों का समय हो या फिर किसी आयोजन का यह तय है कि शहर की सड़कों पर उस समय जाम लगता है। वैसे तो आम समय में भी शहर के मिश्रा तिराहे से लेकर सैल सागर एवं गांधी चौराहे से लेकर पपौरा चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए तमाम प्रयास हुए हैं पर वह विफल ही साबित होते दिखाई देते हैं।

## कल अंतिम दिन वृत्तिकर जमा कराने का

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। मध्यप्रदेष वृत्तिकर संषोधन अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है।**

जानकारी के अनुसार जीएसटी से पंजीकृत, अपंजीकृत व्यवसाई, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, वकील, बीमा अभिकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफण्ड संचालित वाली संस्थायें या व्यक्ति, सहकारी सोसाईटी, ट्रांसपोर्टर कोचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिमसेंटर, धर्मकांटा, होटल, लॉज, विवाह मंडप, टेंट शामयाना, केवल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाईनेंस कम्पनी, क्लीनिक, लैब कम्प्यूटर कॉलेज, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर, अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, एलआईसी आदि 30 सितम्बर तिथि तक अनिवार्य रूप से वृत्तिकर जमा करें।

## उपभोक्ता आयोग ने दिलाई क्लेम की राशि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को क्लेम की राशि नहीं मिल रही थी। जिसके लिए परिवार के लोग पिछले चार साल से परेशान हो रहे थे। जब मामला जिला उपभोक्ता आयोग में पहुंचा तो पीड़ित परिवार को क्लेम की राशि जारी करने के आदेश दिए।**

अधिवक्ता रत्नेश कुमार नायक ने बताया कि बिनवारा निवाड़ी निवासी सावित्री देवी कुशवाहा के पति अखिलेश कुशवाहा की दुर्घटना में 4 मार्च 2021 करे मृत्यु हो गई थी। उस समय अखिलेश कुशवाहा की बाइक का बीमा कंपनी में वाहन मालिक होने की हैसियत से अनिवार्य बीमा 15 लाख रुपए का किया गया था। मृतक अखिलेश कुशवाहा वैध ड्राइविंग लाइसेंस धारक था लेकिन बीमा कंपनी के द्वारा वाहन मालिक व चालक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्लेम राशि उसके उत्तराधिकारियों को प्रदान नहीं की जा रही थी। जिससे दुखी होकर उपभोक्ता के द्वारा क्लेम की वसूली के लिए उपभोक्ता आयोग टीकमगढ़ के समक्ष मामला दायर किया गया।

जिसमें सुनवाई के बाद उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप, सदस्य डॉ.प्रीति सिंह परमार, डॉ.संजीव सिंह के द्वारा निर्णय पारित करते हुए दि न्यू इंडिया बीमा कंपनी को दोषी पाते हुए क्लेम राशि 15 लाख रुपए का दावा 16 मई 2025 से मय 9 प्रतिशत ब्याज सहित क्लेम राशि साथ ही सेवा में कमी का हर्जाना 25 हजार रुपए वाद व्यय 5 हजार रुपए दिलाने का आदेश दिया गया। वहीं 45 दिन में भुगतान न किए जाने पर 5 हजार रुपए अतिरिक्त देना पड़ेगा। दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को क्लेम की राशि नहीं मिल रही थी। जिसके लिए परिवार के लोग पिछले चार साल से परेशान हो रहे थे। जब मामला जिला उपभोक्ता आयोग में पहुंचा तो पीड़ित परिवार को क्लेम की राशि जारी करने के आदेश दिए।